पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2021-2023

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–22] रुड़की, शनिवार, दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 ई0 (अग्रहायण 20, 1943 शक सम्वत्) [संख्या–50

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	—	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान-नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	645–674	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	803–806	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	—	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	—	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	—	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	—	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	423–424	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	—	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

गृह अनुभाग–04

अधिसूचना

03 सितम्बर, 2021 ई0

संख्या 1027/XX-4/2021–05(01)/2016–राज्यपाल, दण्ड प्रक्रिया संहिता (Code of Criminal Procedure) 1973 की धारा–11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, रूद्रपुर, जनपद उधमसिंहनगर में पंजीकृत अभियोगों के विचारण हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट–I, रूद्रपुर, उधमसिंहनगर को विशेष न्यायालय (Special Court) के न्यायाधीश के रूप में पदाभिहित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

आज्ञा से,

आनन्द बर्द्धन,
अपर मुख्य सचिव।

सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–1

प्रोन्नति/विज्ञप्ति

02 नवम्बर, 2021 ई0

संख्या 1158/XXXI(1)/2021/पदो0–01/2021–उत्तराखण्ड सचिवालय संवर्ग के अन्तर्गत समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत निम्नलिखित कार्मिकों को नियमित चयनोपरान्त अनुभाग अधिकारी, वेतन लेवल–10 के रिक्त पदों पर कार्यभार ग्रहण किये जाने की तिथि से अस्थाई रूप से पदोन्नत करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

(1) श्री अजय पाल सिंह

(2) श्री विजेन्द्र सिंह

2–उपरोक्त अनुभाग अधिकारियों को 01 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है।

3–उक्त प्रोन्नति मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में योजित रिट याचिका संख्या–394 (एस0बी)/2021 ललित मोहन आर्य व अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी।

4–उक्त पदोन्नत अनुभाग अधिकारियों की तैनाती आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

5–उक्त अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–01 में अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,

राधा रतूड़ी,
अपर मुख्य सचिव।

न्याय अनुभाग–1

अधिसूचना

नियुक्ति

08 नवम्बर, 2021 ई0

संख्या 08/नो0ई0/XXXVI-A-1/2021–09 नो0ई0/2010–श्री राज्यपाल, नोटरी अधिनियम, 1952 (अधिनियम संख्या–53, सन् 1952) की धारा–3 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके श्री जय प्रकाश चन्द, अधिवक्ता को दिनांक 08–11–2021 से अग्रेत्तर पाँच वर्ष की अवधि के लिये तहसील देवप्रयाग, जिला टिहरी गढ़वाल में नोटरी नियुक्त करते हैं और नोटरीज रूल्स 1956 के नियम–8 के उपनियम (4) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके यह भी निदेश देते है कि श्री जय प्रकाश चन्द का नाम उक्त अधिनियम की धारा–4 के अधीन रखे गये नोटरी पंजिका में प्रविष्ट किया जाय।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of following English Translation of Notification **No. 08/No-E/XXXVI-A-1/2021-09 No.-E/2010** Dated November 08, 2021 for general information.

NOTIFICATION

Appointment

November 08, 2021

No. 08/No-E/XXXVI-A-1/2021-09 No.-E/2010--In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Notaries Act, 1952 (Act No- 53 of 1952), the Governor is pleased to appoint Mr. Jay Prakash Chand, Advocate as Notary for a period of five years with effect from 08-11-2021 for Tehsil Devprayag, District Tehri Garhwal and in exercise of the powers conferred by sub-rule (4) of rule 8 of Notaries Rules, 1956 also directs that the name of Mr. Jay Prakash Chand be entered in the register of Notaries maintained under Section 4 of the said Act.

अधिसूचना

नियुक्ति

08 नवम्बर, 2021 ई0

संख्या 17/नो0एम0/XXXVI-A-1/2021–15 नो0एम0/2004–श्री राज्यपाल, नोटरी अधिनियम, 1952 (अधिनियम संख्या–53, सन् 1952) की धारा–3 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके श्री पूरन चन्द्र, अधिवक्ता को दिनांक 08–11–2021 से अग्रेत्तर पांच वर्ष की अवधि के लिये तहसील किच्छा, जिला ऊधमसिंहनगर में नोटरी नियुक्त करते हैं और नोटरीज रूल्स 1956 के नियम–8 के उपनियम (4) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके यह भी निदेश देते है कि श्री पूरन चन्द्र का नाम उक्त अधिनियम की धारा–4 के अधीन रखे गये नोटरी पंजिका में प्रविष्ट किया जाय।

आज्ञा से,

रंजेन्द्र सिंह,
प्रमुख सचिव, न्याय एवं विधि परामर्शी।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of following English Translation of Notification **No. 17/No-M/XXXVI-A-1/2021-15 No.-M/2004** Dated November 08, 2021.

NOTIFICATION

Appointment

November 08, 2021

No. 17/No-M/XXXVI-A-1/2021-15 No.-M/2004--In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Notaries Act, 1952 (Act No- 53 of 1952), the Governor is pleased to appoint Mr. Puran Chandra, Advocate as Notary for a period of five years with effect from 08-11-2021 for Tehsil Kichha, District Udham Singh Nagar and in exercise of the powers conferred by sub-rule (4) of rule 8 of Notaries Rules, 1956 also directs that the name of Mr.Puran Chandra be entered in the register of Notaries maintained under Section 4 of the said Act.

By Order,

RAJENDRA SINGH,

Principal Secretary, Law-cum-L.R.

सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–4

प्रोन्नति / विज्ञप्ति

28 जुलाई, 2021 ई0

संख्या 657 / XXXI(4)/2021-06(विविध) / 2015-III–उत्तराखण्ड सचिवालय सेवा के निजी सचिव संवर्ग के अन्तर्गत निम्नलिखित वरिष्ठ निजी सचिव वेतनमान रू0 67700–208700 पे–मैट्रिक्स लेवल–11 को विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर नियमित चयनोपरान्त प्रमुख निजी सचिव के रिक्त पद पर वेतनमान रू0 78800–209200 पे–मैट्रिक्स लेवल–12 में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थाई रूप से पदोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:–

1. श्री कैलाश चन्द्र तिवारी
2. श्री अच्युत प्रसाद वाजपेयी
3. श्री विपिन चन्द्र जोशी
4. श्री राजेन्द्र सिंह राणा
5. श्री भरत सिंह रावत

2–उक्त कार्मिकों को पदोन्नति के फलस्वरूप प्रमुख निजी सचिव के पद पर 01 वर्ष की विहित परिवीक्षा अवधि पर रखा जाता है।

3–उक्त पदोन्नत कार्मिक वर्तमान तैनाती के स्थान पर तैनात रहेंगे तथा अपने वर्तमान तैनाती के स्थान पर ही कार्यभार ग्रहण करते हुए सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–4, उत्तराखण्ड शासन को कार्यभार ग्रहण करने की सूचना उपलब्ध करायेंगे।

4–उक्त आदेश मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में योजित रिट याचिका संख्या–191 / 2019 एवं रिट याचिका संख्या–316 / 2020 में मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड नैनीताल द्वारा पारित किये जाने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन रहेंगे।

5–संबंधित कार्मिकों की उपरोक्तानुसार पदोन्नति श्री लाल सिंह नागरकोटी, निजी सचिव (तदर्थ) के प्रकरण में मा0 सक्षम न्यायालय में विचाराधीन वाद में मा0 सक्षम न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

6–उक्त प्रोन्नति अस्थाई है तथा भारत सरकार द्वारा राज्य परामर्शीय समिति की संस्तुतियों के अनुसार यदि उ0प्र0 सचिवालय के अन्य कर्मी उत्तराखण्ड राज्य को आवंटित होते है तो तद्क्रम में वरिष्ठता प्रभावित होने की स्थिति में इन आदेशों को तत्क्रम में निर्धारित होने वाली वरिष्ठता के आधार पर यथावश्यक परिवर्तित / प्रत्यावर्तित / परमार्जित किया जायेगा।

आज्ञा से,

भूपाल सिंह मनराल,

सचिव।

निदेशालय विभागीय लेखा, उत्तराखण्ड

प्रभार प्रमाण–पत्र

03 सितम्बर, 2021 ई0

संख्या 238/नि0वि0ले0/अधि0–1(6)/का0भा0/2015–प्रमाणित किया जाता है कि उत्तराखण्ड शासन, वित्त अनुभाग–6 की विज्ञप्ति/सेवानिवृत्ति आदेश संख्या 45/XXVII(6)–115/एक/2005/2021 दिनांक 18 जनवरी, 2021 के अनुपालन में दिनांक 31 अगस्त, 2021 को अधिवर्षता आयु पर सेवानिवृत्ति के क्रम में निदेशक, विभागीय लेखा, उत्तराखण्ड, देहरादून के पद का कार्यभार जैसा कि यहाँ व्यक्त किया गया है, आज दिनांक 31–08–2021 के अपराह्न में हस्तान्तरित किया।

(X)
मोचक अधिकारी।

भूपेश चन्द्र तिवारी,
निदेशक,
मुक्त अधिकारी।

प्रतिहस्ताक्षरित।

सचिव, वित्त,
उत्तराखण्ड शासन।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–5

अधिसूचना

नियुक्ति

10 सितम्बर, 2021 ई0

संख्या 865/XXVIII(5)/2021–08(मे0का0)/2019–उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग के अन्तर्गत सृजित/रिक्त पदों के सापेक्ष उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (संशोधन) नियमावली, 2021 में निहित प्राविधानों के अधीन प्रतीक्षा सूची में प्रवीणता के आधार पर (Meritwise) चयनित अभ्यर्थी डॉ0 दीपा हटवाल को ब्लड बैंक विभाग के अन्तर्गत प्रोफेसर के पद पर वेतन मैट्रिक्स लेवल–15 वेतन ₹ 1,44,200–2,18,200 में निम्नलिखित शर्तों के अधीन अस्थाई रूप से नियुक्त करते हुए कार्यभार ग्रहण किये जाने की तिथि से राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

(1) उक्त अभ्यर्थी सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य के समक्ष अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगें। योगदान दिये जाने के पश्चात अभ्यर्थी के समस्त वांछित प्रपत्र/प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा कराया जायेगा।

(2) उक्त चयनित अभ्यर्थी का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन पृथक से सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा किया जायेगा। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के चयनित अभ्यर्थी के जाति प्रमाण पत्र की जॉच भी सम्बन्धित शासनादेशों के निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित की जाय। अभ्यर्थी की सत्यापन संबंधी रिपोर्ट शासन को

उपलब्ध करायी जायेगी। यदि संबंधित अभ्यर्थी का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सेवा में नियुक्ति हेतु उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो उनकी यह नियुक्ति तात्कालिक प्रभाव से निरस्त समझी जायेगी एवं इसकी सूचना तत्काल शासन एवं उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को प्रेषित की जायेगी।

(3) अभ्यर्थी अपने नियुक्ति पत्र सहित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सक्षम चिकित्सा अधिकारी के समक्ष उपस्थिति होंगें। स्वास्थ्य परीक्षण में अयोग्य घोषित किये गये अभ्यर्थी के प्रकरण शासन को संदर्भित किये जायेंगें।

(4) उक्त नव नियुक्त अभ्यर्थी को उक्त वेतनमान में वेतन के अतिरिक्त समय–समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे।

(5) नवनियुक्त अभ्यर्थी 02 सप्ताह के भीतर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु योगदान कर दें। इस अवधि के भीतर वे अपने तैनाती से संबधित वांछित सभी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे। यदि वे इस अवधि के भीतर अपने योगदान स्थल पर योगदान की सूचना नहीं देते हैं, तो उनका अभ्यर्थन स्वतः समाप्त माना जायेगा।

(6) नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नही होगा।

(7) अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण से पूर्व सम्बन्धित प्राचार्य के समक्ष निम्न प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने होंगे :–

i. स्वयं के विरूद्ध अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के संबंध में एक घोषणा–पत्र (संलग्न प्रारूप में)।

ii. उत्तराखण्ड मेडिकल काउन्सिल द्वारा निर्गत स्थाई पंजीकरण की दो प्रतियां।

iii. ओथ एलीजियन्स का प्रमाण–पत्र।

iv. गोपनीयता का प्रमाण–पत्र।

v. चंल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण–पत्र।

vi. लिखित रूप से एक अन्डरटेकिंग कि यदि चरित्र एवं पूर्ववृत्त के सत्यापन के पश्चात उन्हे सरकारी सेवा के लिए उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो उनकी यह नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जायेगी, जिसके लिए वे किसी क्षतिपूर्ति के हकदार नही होंगे।

vii. एक से अधिक जीवित पति/पत्नी न होने का घोषणा–पत्र (संलग्न प्रारूप में)।

viii. सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वस्थता प्रमाण–पत्र।

ix. दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण।

2– चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग में उक्त अभ्यर्थी की ज्येष्ठता उत्तराखण्ड, चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से प्राप्त वरिष्ठता क्रम के आधार पर सुसंगत नियमों के अनुसार अवधारित की जायेगी।

3— चयनित पद पर मौलिक रूप से नियुक्त अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली—2014 में निहित प्राविधानों के अंतर्गत 02 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है।

4— सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा यह देख लिया जाए की अभ्यर्थी उत्तराखण्ड मेडिकल काउन्सिल में पंजीकृत है तथा उनके मेडिकल काउन्सिल प्रमाण—पत्र एवं स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा के प्रमाण—पत्र का मूल रूप से जांच कर, इन प्रमाण—पत्रों की दो—दो प्रतियां स्वयं प्रमाणित कर उत्तराखण्ड शासन एवं उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को उपलब्ध कराया जाय।

5— चयनित अभ्यर्थी की सेवायें उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली—2014 में निहित प्राविधानों के अंतर्गत राज्य के अन्य मेडिकल कालेजों में स्थानान्तरणीय होंगी।

अधिसूचना

नियुक्ति

10 सितम्बर, 2021 ई0

संख्या 866/XXVIII(5)/2021—08(मे0का0)/2019—उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग के अन्तर्गत सृजित/रिक्त पदों के सापेक्ष उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (संशोधन) नियमावली, 2021 में निहित प्राविधानों के अधीन प्रतीक्षा सूची में प्रवीणता के आधार पर (Meritwise) चयनित अभ्यर्थी डॉ0 संतोष कुमार को साइकेट्री विभाग के अन्तर्गत प्रोफेसर के पद पर वेतन मैट्रिक्स लेवल—15 वेतन ₹ 1,44,200—2,18,200 में निम्नलिखित शर्तों के अधीन अस्थाई रूप से नियुक्त करते हुए कार्यभार ग्रहण किये जाने की तिथि से राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:—

(1) उक्त अभ्यर्थी सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य के समक्ष अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगें। योगदान दिये जाने के पश्चात अभ्यर्थी के समस्त वांछित प्रपत्र/प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा कराया जायेगा।

(2) उक्त चयनित अभ्यर्थी का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन पृथक से सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा किया जायेगा। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के चयनित अभ्यर्थी के जाति प्रमाण पत्र की जॉच भी सम्बन्धित शासनादेशों के निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित की जाय। अभ्यर्थी की सत्यापन संबंधी रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करायी जायेगी। यदि संबंधित अभ्यर्थी का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सेवा में नियुक्ति हेतु उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो उनकी यह नियुक्ति तात्कालिक प्रभाव से निरस्त समझी जायेगी एवं इसकी सूचना तत्काल शासन एवं उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को प्रेषित की जायेगी।

(3) अभ्यर्थी अपने नियुक्ति पत्र सहित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सक्षम चिकित्सा अधिकारी के समक्ष उपस्थिति होंगें। स्वास्थ्य परीक्षण में अयोग्य घोषित किये गये अभ्यर्थी के प्रकरण शासन को संदर्भित किये जायेंगें।

(4) उक्त नव नियुक्त अभ्यर्थी को उक्त वेतनमान में वेतन के अतिरिक्त समय—समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे।

(5) नवनियुक्त अभ्यर्थी 02 सप्ताह के भीतर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु योगदान कर दें। इस अवधि के भीतर वे अपनें तैनाती से संबधित वांछित सभी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे। यदि वे इस अवधि के भीतर अपने योगदान स्थल पर योगदान की सूचना नहीं देते हैं, तो उनका अभ्यर्थन स्वतः समाप्त माना जायेगा।

(6) नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नही होगा।

(7) अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण से पूर्व सम्बन्धित प्राचार्य के समक्ष निम्न प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने होंगे :–

i. स्वयं के विरूद्ध अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के संबंध में एक घोषणा–पत्र (संलग्न प्रारूप में)।

ii. उत्तराखण्ड मेडिकल काउन्सिल द्वारा निर्गत स्थाई पंजीकरण की दो प्रतियां।

iii. ओथ एलीजियन्स का प्रमाण–पत्र।

iv. गोपनीयता का प्रमाण–पत्र।

v. चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण–पत्र।

vi. लिखित रूप से एक अन्डरटेकिंग कि यदि चरित्र एवं पूर्ववृत्त के सत्यापन के पश्चात उन्हे सरकारी सेवा के लिए उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो उनकी यह नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जायेगी, जिसके लिए वे किसी क्षतिपूर्ति के हकदार नही होंगे।

vii. एक से अधिक जीवित पति/पत्नी न होने का घोषणा–पत्र (संलग्न प्रारूप में)।

viii. सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वस्थता प्रमाण–पत्र।

ix. दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण।

2– चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग में उक्त अभ्यर्थी की ज्येष्ठता उत्तराखण्ड, चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से प्राप्त वरिष्ठता क्रम के आधार पर सुसंगत नियमों के अनुसार अवधारित की जायेगी।

3– चयनित पद पर मौलिक रूप से नियुक्त अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली–2014 में निहित प्राविधानों के अंतर्गत 02 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है।

4– सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा यह देख लिया जाए की अभ्यर्थी उत्तराखण्ड मेडिकल काउन्सिल में पंजीकृत है तथा उनके मेडिकल काउन्सिल प्रमाण–पत्र एवं स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा के प्रमाण–पत्र का मूल रूप से जांच कर, इन प्रमाण–पत्रों की दो–दो प्रतियां स्वयं प्रमाणित कर उत्तराखण्ड शासन एवं उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को उपलब्ध कराया जाय।

5– चयनित अभ्यर्थी की सेवायें उत्तराखंण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली–2014 में निहित प्राविधानों के अंतर्गत राज्य के अन्य मेडिकल कालेजों में स्थानान्तरणीय होंगी।

अधिसूचना

नियुक्ति

10 सितम्बर, 2021 ई0

संख्या 867/XXVIII(5)/2021–08(मे0का0)/2019–उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (संशोधन) नियमावली, 2021 में निहित प्राविधानों के अधीन प्रतीक्षा सूची में प्रवीणता के आधार पर (Meritwise) चयनित अभ्यर्थी डॉ0 हरीश चतुर्वेदी को एनाटॉमी विभाग के अन्तर्गत प्रोफेसर के पद पर वेतन मैट्रिक्स लेवल–15 वेतन ₹ 1,44,200–2,18,200 में निम्नलिखित शर्तों के अधीन अस्थाई रूप से नियुक्त करते हुए कार्यभार ग्रहण किये जाने की तिथि से राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

(1) उक्त अभ्यर्थी सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य के समक्ष अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगें। योगदान दिये जाने के पश्चात अभ्यर्थी के समस्त वांछित प्रपत्र/प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा कराया जायेगा।

(2) उक्त चयनित अभ्यर्थी का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन पृथक से सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा किया जायेगा। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के चयनित अभ्यर्थी के जाति प्रमाण पत्र की जॉच भी सम्बन्धित शासनादेशों के निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित की जाय। अभ्यर्थी की सत्यापन संबंधी रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करायी जायेगी। यदि संबंधित अभ्यर्थी का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सेवा में नियुक्ति हेतु उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो उनकी यह नियुक्ति तात्कालिक प्रभाव से निरस्त समझी जायेगी एवं इसकी सूचना तत्काल शासन एवं उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को प्रेषित की जायेगी।

(3) अभ्यर्थी अपने नियुक्ति पत्र सहित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सक्षम चिकित्सा अधिकारी के समक्ष उपस्थिति होंगें। स्वास्थ्य परीक्षण में अयोग्य घोषित किये गये अभ्यर्थी के प्रकरण शासन को संदर्भित किये जायेंगें।

(4) उक्त नव नियुक्त अभ्यर्थी को उक्त वेतनमान में वेतन के अतिरिक्त समय–समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे।

(5) नवनियुक्त अभ्यर्थी 02 सप्ताह के भीतर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु योगदान कर दें। इस अवधि के भीतर वे अपने तैनाती से संबधित वांछित सभी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे। यदि वे इस अवधि के भीतर अपने योगदान स्थल पर योगदान की सूचना नहीं देते हैं, तो उनका अभ्यर्थन स्वतः समाप्त माना जायेगा।

(6) नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नही होगा।

(7) अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण से पूर्व सम्बन्धित प्राचार्य के समक्ष निम्न प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने होंगे :–

i. स्वयं के विरूद्ध अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के संबंध में एक घोषणा–पत्र (संलग्न प्रारूप में)।

ii. उत्तराखण्ड मेडिकल काउन्सिल द्वारा निर्गत स्थाई पंजीकरण की दो प्रतियां।

iii. ओथ एलीजियन्स का प्रमाण–पत्र।

iv. गोपनीयता का प्रमाण–पत्र।

v. चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण–पत्र।

vi. लिखित रूप से एक अन्डरटेकिंग कि यदि चरित्र एवं पूर्ववृत्त के सत्यापन के पश्चात उन्हे सरकारी सेवा के लिए उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो उनकी यह नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जायेगी, जिसके लिए वे किसी क्षतिपूर्ति के हकदार नही होंगे।

vii. एक से अधिक जीवित पति/पत्नी न होने का घोषणा–पत्र (संलग्न प्रारूप में)।

viii. सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वस्थता प्रमाण–पत्र।

ix. दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण।

2– चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग में उक्त अभ्यर्थी की ज्येष्ठता उत्तराखण्ड, चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से प्राप्त वरिष्ठता क्रम के आधार पर सुसंगत नियमों के अनुसार अवधारित की जायेगी।

3– चयनित पद पर मौलिक रूप से नियुक्त अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली–2014 में निहित प्राविधानों के अंतर्गत 02 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है।

4– सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा यह देख लिया जाए की अभ्यर्थी उत्तराखण्ड मेडिकल काउन्सिल में पंजीकृत है तथा उनके मेडिकल काउन्सिल प्रमाण–पत्र एवं स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा के प्रमाण–पत्र का मूल रूप से जांच कर, इन प्रमाण–पत्रों की दो–दो प्रतियां स्वयं प्रमाणित कर उत्तराखण्ड शासन एवं उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को उपलब्ध कराया जाय।

5– चयनित अभ्यर्थी की सेवायें उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली–2014 में निहित प्राविधानों के अंतर्गत राज्य के अन्य मेडिकल कालेजों में स्थानान्तरणीय होंगी।

अधिसूचना
नियुक्ति

10 सितम्बर, 2021 ई0

संख्या 868/XXVIII(5)/2021–08(मे0का0)/2019–उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग के अन्तर्गत सृजित/रिक्त पदों के सापेक्ष उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (संशोधन) नियमावली, 2021 में निहित प्राविधानों के अधीन प्रतीक्षा सूची में प्रवीणता के आधार पर (Meritwise) चयनित अभ्यर्थी डॉ0 कुमार पराग को एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के अन्तर्गत एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर वेतन मैट्रिक्स लेवल–13 'क' वेतन ₹ 1,31,100–2,16,600 में निम्नलिखित शर्तों के अधीन अस्थाई रूप से नियुक्त करते हुए कार्यभार ग्रहण किये जाने की तिथि से राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

(1) उक्त अभ्यर्थी सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य के समक्ष अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगें। योगदान दिये जाने के पश्चात अभ्यर्थी के समस्त वांछित प्रपत्र/प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा कराया जायेगा।

(2) उक्त चयनित अभ्यर्थी का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन पृथक से सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा किया जायेगा। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के चयनित अभ्यर्थी के जाति प्रमाण पत्र की जॉच भी सम्बन्धित शासनादेशों के निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित की जाय। अभ्यर्थी की सत्यापन संबंधी रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करायी जायेगी। यदि संबंधित अभ्यर्थी का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सेवा में नियुक्ति हेतु उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो उनकी यह नियुक्ति तात्कालिक प्रभाव से निरस्त समझी जायेगी एवं इसकी सूचना तत्काल शासन एवं उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को प्रेषित की जायेगी।

(3) अभ्यर्थी अपने नियुक्ति पत्र सहित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सक्षम चिकित्सा अधिकारी के समक्ष उपस्थिति होंगें। स्वास्थ्य परीक्षण में अयोग्य घोषित किये गये अभ्यर्थी के प्रकरण शासन को संदर्भित किये जायेंगें।

(4) उक्त नव नियुक्त अभ्यर्थी को उक्त वेतनमान में वेतन के अतिरिक्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे।

(5) नवनियुक्त अभ्यर्थी 02 सप्ताह के भीतर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु योगदान कर दें। इस अवधि के भीतर वे अपने तैनाती से संबधित वांछित सभी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे। यदि वे इस अवधि के भीतर अपने योगदान स्थल पर योगदान की सूचना नहीं देते हैं, तो उनका अभ्यर्थन स्वतः समाप्त माना जायेगा।

(6) नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नही होगा।

(7) अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण से पूर्व सम्बन्धित प्राचार्य के समक्ष निम्न प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे :-

i. स्वयं के विरूद्ध अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के संबंध में एक घोषणा-पत्र (संलग्न प्रारूप में)।

ii. उत्तराखण्ड मेडिकल काउन्सिल द्वारा निर्गत स्थाई पंजीकरण की दो प्रतियां।

iii. ओथ एलीजियन्स का प्रमाण-पत्र।

iv. गोपनीयता का प्रमाण-पत्र।

v. चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र।

vi. लिखित रूप से एक अन्डरटेकिंग कि यदि चरित्र एवं पूर्ववृत्त के सत्यापन के पश्चात उन्हे सरकारी सेवा के लिए उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो उनकी यह नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जायेगी, जिसके लिए वे किसी क्षतिपूर्ति के हकदार नही होंगे।

vii. एक से अधिक जीवित पति/पत्नी न होने का घोषणा–पत्र (संलग्न प्रारूप में)।

viii. सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वस्थता प्रमाण–पत्र।

ix. दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण।

2– चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग में उक्त अभ्यर्थी की ज्येष्ठता उत्तराखण्ड, चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से प्राप्त वरिष्ठता क्रम के आधार पर सुसंगत नियमों के अनुसार अवधारित की जायेगी।

3– चयनित पद पर मौलिक रूप से नियुक्त अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली–2014 में निहित प्राविधानों के अंतर्गत 02 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है।

4– सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्राचार्य द्वारा यह देख लिया जाए की अभ्यर्थी उत्तराखण्ड मेडिकल काउन्सिल में पंजीकृत है तथा उनके मेडिकल काउन्सिल प्रमाण–पत्र एवं स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा के प्रमाण–पत्र का मूल रूप से जांच कर, इन प्रमाण–पत्रों की दो–दो प्रतियां स्वयं प्रमाणित कर उत्तराखण्ड शासन एवं उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को उपलब्ध कराया जाय।

5– यह नियुक्ति मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में योजित रिट याचिका संख्या–152/2020 विकास सिकरवार बनाम प्रमुख सचिव एवं अन्य, रिट याचिका संख्या–106/2020 डॉ0 देश दीपक बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य, रिट याचिका संख्या–418/2020 डॉ0 शेखर पाल बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य एवं रिट याचिका संख्या–108/2020 डॉ0 शेखर पाल बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

6– चयनित अभ्यर्थी की सेवायें उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली–2014 में निहित प्राविधानों के अंतर्गत राज्य के अन्य मेडिकल कालेजों में स्थानान्तरणीय होंगी।

आज्ञा से,

डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय,

सचिव।

कृषि एवं कृषक कल्याण अनुभाग–1

पदोन्नति/तैनाती

13 सितम्बर, 2021 ई0

संख्या 860/XIII-1/2021–3(15)2005–कृषि विभाग, उत्तराखण्ड में अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–1 (अभियंत्रण शाखा) में प्रोन्नति के रिक्त पदों पर नियमित पदोन्नति हेतु उत्तर प्रदेश, कृषि सेवा समूह 'ख' सेवा नियमावली 1995 (उत्तराखण्ड में यथा अनुकूलित/उपान्तरित आदेश 2002) के सुसंगत नियमों एवं उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली, 2003 के प्रासंगिक प्राविधानों के अनुसार लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड हरिद्वार की संस्तुति के आधार पर अधोलिखित अधिकारियों को तात्कालिक प्रभाव से कृषि सेवा श्रेणी–2 (अभियंत्रण शाखा) में चयन वर्ष 2020–21 की रिक्त के सापेक्ष वेतनमान रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400/ पुनरीक्षित वेतनमान–56100–177500 (लेवल–10) में नियमित पदोन्नति करते हुए उनके नाम के सम्मुख अंकित पद/स्थान पर तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

क्र. सं.	नाम	वर्तमान पदनाम/तैनाती स्थल	प्रोन्नति उपरान्त पदनाम/तैनाती स्थल
1.	श्री प्रमोद कुमार सैनी	प्रभारी कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, धुमाकोट।	कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, धुमाकोट।
2.	श्री ओमपाल	अपर सहायक अभियंता, कृषि निदेशालय, देहरादून।	सहायक निदेशक, (अभियंत्रण) कृषि निदेशालय।
3.	श्री ओम प्रकाश साहू	अपर सहायक अभियंता, कार्यालय कृषि भूमि संरक्षण अधिकारी, सतपुली, पौड़ी।	कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, पौड़ी।

2— उक्त अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे पदोन्नत पद व नवीन तैनाती स्थान पर तत्काल संबंधित मुख्य कृषि अधिकारी कार्यालय तथा कृषि निदेशक, उत्तराखण्ड के कार्यालय में योगदान कर कार्यभार प्रमाणक कृषि निदेशक एवं शासन को शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,
आर0 मीनाक्षी सुन्दरम,
सचिव।

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण अनुभाग–02

अधिसूचना

14 सितम्बर, 2021 ई0

संख्या 1450/II(02)/2021–12/1(06)/2012–राज्यपाल, टिहरी जलाशय की परिधि पर आर0एल0 835 मी0 से ऊपर स्थित कुछ ग्रामों में जल भराव के कारण भू–स्खलन के दृष्टिगत तथा भविष्य में इससे अधिक स्थानों पर भू–स्खलन होने की सम्भावना के मध्यनजर इन ग्रामों के प्रभावित परिवारों को पुर्नवासित किये जाने हेतु दिनांक 14 जनवरी, 2013 को प्रख्यापित सम्पार्श्विक क्षति नीति–2013 में अग्रेत्तर संशोधन किये जाने की दृष्टि से निम्नलिखित नीति बनाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

सम्पार्श्विक क्षति (संशोधन) नीति–2021

संक्षिप्त नाम एंव प्रारम्भ 1 (1) इस नीति का संक्षिप्त नाम सम्पार्श्विक क्षति (संशोधन) नीति, 2021 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

प्रस्तर–1 का संशोधन 2 सम्पार्श्विक क्षति नीति–2013 में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये प्रस्तर–1 के उपप्रस्तर–अ सामान्य–2 एवं उपप्रस्तर–ब प्रतिकर–1 में दिये गये प्रावधान के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गये प्राविधान रख दिये जायेंगे, अर्थात्–

स्तम्भ–1 विद्यमान प्रावधान	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित प्रावधान
अ) सामान्य–2. विशेषज्ञ समिति, जो कि एक स्थायी समिति के रूप में बनायी जायेगी, में निम्नलिखित विभागों के अधिकारी सम्मिलित होंगे तथा समिति यह सत्यापित करेगी कि क्षति जलाशय में जल भराव–उतार के कारण हुई है अथवा वर्षा/प्राकृतिक आपदा से। 1–भारतीय भू–सर्वेक्षण विभाग का प्रतिनिधि। 2–प्रमुख वन संरक्षक, वन विभाग, उत्तराखण्ड के प्रतिनिधि। 3–केन्द्रीय मृदा एवं जल संरक्षण अनुसंधान व प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि। 4–भूगर्भीय एवं खनन विभाग का प्रतिनिधि। 5–भारतीय सर्वेक्षण विभाग का प्रतिनिधि। 6–आई0आई0टी0 रूडकी का प्रतिनिधि। 7–उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र का प्रतिनिधि। 8–पुनर्वास निदेशक का प्रतिनिधि (सदस्य सचिव) 9–टी0एच0डी0सी0इं0लि0 का प्रतिनिधि। 10–सम्बन्धित क्षेत्र के मा0 विधायक।	अ) सामान्य–2. विशेषज्ञ समिति, जो कि एक स्थायी समिति के रूप में बनायी जायेगी, में निम्नलिखित विभागों के अधिकारी सम्मिलित होंगे तथा समिति यह सत्यापित करेगी कि क्षति जलाशय में जल भराव–उतार के कारण हुई है अथवा वर्षा/ प्राकृतिक आपदा से। 1–भारतीय भू–सर्वेक्षण के एक प्रतिनिधि। 2–प्रमुख वन संरक्षक, वन विभाग, उत्तराखण्ड के एक प्रतिनिधि। 3–केन्द्रीय मृदा एवं जल संरक्षण अनुसंधान व प्रशिक्षण संस्थान के एक प्रतिनिधि। 4–भूगर्भीय एवं खनन विभाग के एक प्रतिनिधि। 5–भारतीय सर्वेक्षण विभाग के एक प्रतिनिधि। 6–आई0आई0टी0 रूडकी के एक प्रतिनिधि। 7–उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र के एक प्रतिनिधि। 8–पुनर्वास निदेशक के एक प्रतिनिधि (सदस्य सचिव) 9–टी0एच0डी0सी0इं0लि0 के एक प्रतिनिधि।
(ब) प्रतिकर भूमि यदि भूमि की क्षति सम्पूर्ण भूमि के 50 प्रतिशत से अधिक है तथा भूमि आर0एल0 835 मी0 पर अथवा आर.एल. 835 मी0 ऊपर स्थित है, तो इस स्थिति में 02 एकड़ विकसित भूमि जनपद हरिद्वार एवं देहरादून आदि स्थानों पर आंवटित की जायेगी। यदि भूमि 02 एकड़ से अधिक है, तो 02 एकड़ से अधिक भूमि का नकद प्रतिकर भुगतान किया जायेगा। क्षतिग्रस्त भूमि परियोजना के नाम दर्ज की जाएगी। यदि भूमि प्रभावित परिवारों को स्वीकार्य नहीं है, तो इस स्थिति में	**(ब) प्रतिकर भूमि** यदि भूमि की क्षति सम्पूर्ण भूमि के 50 प्रतिशत से अधिक है तथा भूमि आर0एल0 835 मी0 पर अथवा आर0एल0 835 मी0 से ऊपर स्थित है, तो इस स्थिति में 02 एकड़ तक भूमि के बदले ग्राम रौलाकोट को छोड़कर अन्य सभी प्रभावित परिवारों को नकद प्रतिकर रू0 74.40 लाख प्रति परिवार तथा यदि भूमि 02 एकड़ से अधिक है, तो 02 एकड़ से अधिक भूमि का नकद प्रतिकर भुगतान किया जायेगा।

सरकार द्वारा स्वीकृत दरों के अनुसार नकद प्रतिकर भुगतान किया जाएगा। पात्रता मानक के अनुसार केवल वही परिवार पात्र होंगे, जिनकी भूमि उनके नाम दिनांक 26.04.2007 से पहले दर्ज हो एवं प्रभावित भूमि कूल भूमि का 50 प्रतिशत से अधिक हो। यदि क्षतिग्रस्त भूमि आर.एल. 835 मी0 से नीचे की सम्पूर्ण भूमि को सम्मिलित करते हुए 50 प्रतिशत से कम है, तो इस दशा में पुनर्वास की आवश्यकता नहीं होगी। केवल नकद प्रतिकर का भुगतान वर्तमान में प्रचलित स्वीकृत दर के अनुसार किया जाएगा।	क्षतिग्रस्त भूमि परियोजना के नाम दर्ज की जाएगी। पात्रता मानक के अनुसार केवल वही परिवार पात्र होंगे, जिनकी भूमि उनके नाम दिनांक 26.04.2007 से पहले दर्ज हो एवं प्रभावित भूमि कूल भूमि का 50 प्रतिशत से अधिक हो। यदि क्षतिग्रस्त भूमि आर.एल. 835 मी0 से नीचे की सम्पूर्ण भूमि को सम्मिलित करते हुए 50 प्रतिशत से कम है, तो इस दशा में पुनर्वास की आवश्यकता नहीं होगी। केवल नकद प्रतिकर का भुगतान वर्तमान में प्रचलित स्वीकृत दर के अनुसार किया जाएगा। यदि विस्थापित/पात्र व्यक्ति को आर.एल. 835 मी0 के नीचे/ऊपर की भूमि का प्रतिकर का भुगतान पूर्व में किया गया हो, तो उस व्यक्ति को पूर्व भुगतान की गई धनराशि, 6 प्रतिशत सामान्य वार्षिक ब्याज जोड़ते हुए कुल देय प्रतिकर की धनराशि रु0 74.40 लाख में से घटाकर किया जायेगा। सामान्य ब्याज की गणना की अवधि हेतु प्रारम्भिक तिथि 16.11.2010 एवं अंतिम तिथि 16.12.2020 होगी।

आज्ञा से,

हरिचन्द्र सेमवाल,
सचिव।

In Pursuance of the Provision of Clause (3) of article 348 of the Constitution of India, the Governor, is pleased to order the publication of the following English translation of Notification **No. 1450/II(02)/2021-12/1(06)/2012** dated September 14, 2021 for General Information.

NOTIFICATION

September 14, 2021

No. 1450/II(02)/2021-12/1(06)/2012-- In view of the landslides in some villages situated above RL 835 meters on the periphery of Tehri reservoir due to water fluctuations in the reservoir and in view of the possibility of landslides at more places in future for rehabilitating the affected families of these villages, the Governor with a view to make further amendment in the Collateral Damage Policy, 2013, promulgated on 14, January 2013, is pleased to make the following Policy:-

The Collateral Damage (Amendment) Policy, 2021

Short title and Commencement

1 (1) The Policy may be called the Collateral Damage (Amendment) Policy, 2021

(2) It shall come into force at once.

Amendment of Para-1

2 In the Collateral Damage Policy, 2013 for the Provisions of sub para-a General-2 and sub para-b Compensation-1 of para-1 as set out in Column-1, Provision as set out in Column-2 shall be substituted, namely:-

Column-1 Existing Provision	**Column-2 Hereby substituted provision**
a) General-2, Expert Committee which shall be formed in the form of Permanent Committee, shall consist of the following officers and the Committee shall verify that the damage has occurred either by water filling/ depletion in reservoir or by rain/ natural disaster.	a) General-2, Expert Committee which shall be formed in the form of Permanent Committee, shall consist of the following officers and the Committee shall verify that the damage has occurred either by water filling/ depletion in reservoir or by rain/ natural disaster.
1- A Representative of Geological Survey of India.	1- A Representative of Geological Survey of India.
2- A Representative of Chief Conservator of Forest, Forest Department, Uttarakhand.	2- A Representative of Chief Conservator of Forest, Forest Department, Uttarakhand.
3- A Representative of Central Soil And Water Conservation Research and Training Institute.	3- A Representative of Central Soil And Water Conservation Research and Training Institute.
4- A Representative of Geological & Mines Department.	4- A Representative of Geological & Mines Department.
5- A Representative of Survey of India Department;	5- A Representative of Survey of India Department.

	6- A Representative of Indian Institute of Technology, Roorkee. 7- A Representative of Uttarakhand Space Application Centre. 8- A Representative of Rehabilitation Director (Member Secretary). 9- A Representative of Tehri Hydro Development Corporation India Ltd. 10- Hon'ble MLA of concerned Area	6- A Representative of Indian Institute of Technology, Roorkee. 7- A Representative of Uttarakhand Space Application Centre. 8- A Representative of Rehabilitation Director (Member Secretary). 9- A Representative of Tehri Hydro Development Corporation India Ltd.
	(b) Compensatory land If the damage of land is more than 50 percent and the land is located at RL 835 meter or above 835 meter, then 02 acres of developed land shall be allotted in District Haridwar and Dehradun etc. places. If the land is more than 02 acres, then cash compensation will be paid for the land more than 02 acres. The damaged land shall be transferred in the name of Project. If the land is not accepted by the affected families, then cash compensation shall be paid. As per Government approved rates. According to eligibility, criteria only those families shall be eligible who were having land registered in their names prior to 26.04.2007 and the affected land is more than 50 percent of the total land. If the damaged land, including the land below 835 meter, is less than 50 percent, then in this case, there shall be no need of rehabilitation. Only cash compensation as per the present prevailing rates shall be paid.	(b) Compensatory land If the damage of land is more than 50 percent of the entire holding and the land is located at RL 835 meter or above 835 meter, then in place of land except Village Raulkot, all other affected families shall be paid cash compensation at the rate Rs.74.40 lakh per family and if the land is more than 02 acres, then cash compensation will be paid for the land more than 02 acres. Damage land shall be registered in the name of project. According to eligibility, criteria only those family shall be eligible who were having land registered in their names prior to 26.04.2007 and the affected land is more than 50 percent of the entire holding. If the damaged land, including the land below R.L. 835 meter, is less than 50 percent, then no rehabilitation is required. Only cash compensation shall be paid at the prevalent approved rate.

	If the affected/eligible person has been made land compensation of land downside/ above RL 835 meters, then by adding 6% annual interest on the money earlier paid, payment shall be adjusted by deducting this amount from the compensation amount of Rs.74.40 lakh. For calculating the period of simple interest, primary date as 16.11.2010 and final date shall be 16.12.2020.

By Order,

HARICHANDRA SEMWAL,

Secretary.

कृषि एवं कृषक कल्याण–3

अधिसूचना

17 सितम्बर, 2021 ई0

संख्या 992/XIII-3/2021–5(21)/2021–महामहिम श्री राज्यपाल 'उत्तराखण्ड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन (प्रोत्साहन एवं सुविधा) अधिनियम, 2020' की धारा 7 की उपधारा (2) में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके घोषणा करते है कि उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना संख्याः 51/XIII–3/21/12(1)/2020 दिनांकः 27 जनवरी, 2021 के क्रमांकः 10 मे उल्लिखित निरूपित मण्डी क्षेत्र टिहरी का उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना संख्याः 648/XIII–2/2020–01(01)/2020 टी0सी0 दिनांकः 03 सितम्बर, 2020 द्वारा विनियमित कृषि उत्पाद और पशुधन के सम्बन्ध में निम्नलिखित भाग प्रमुख मण्डी प्रांगण होगा।

ग्राम सभा–बगर पट्टी–धमान्दस्यू, तहसील नरेन्द्र नगर, जिला टिहरी गढ़वाल के खसरा संख्या 12, 14, 15, 16, 18, 20, 21, 23 एवं 24 कुल रकवा 0.2440 ह0 भूमि अर्थात् निम्नलिखित चौहद्दी का समस्त भागः–

पूरब– गधेरा एवं निजी भूमि।

पश्चिम– ग्राम बगर हेतु सम्पर्क मार्ग।

उत्तर– ग्राम बगर हेतु सम्पर्क मार्ग।

दक्षिण– खाई एवं वन क्षेत्र।

आज्ञा से,

आर0 मीनाक्षी सुन्दरम,

सचिव।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3

अधिसूचना

24 सितम्बर, 2021 ई0

संख्या 1038/XXVIII-3-2021-66/2010–चूंकि, राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि राज्य में डेंगू एवं मलेरिया होने की आशंका है; और चूंकि, राज्य सरकार यह समझती है कि इस सम्बन्ध में प्रवृत्त विधि के साधारण उपबंध इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त नहीं हैं और डेंगू नियंत्रण व रोकथाम तथा मलेरिया उन्मूलन के दृष्टिगत प्रत्येक रोगी की समय पर सूचना पंजीकृत करना अति आवश्यक है।

अतः अब राज्यपाल महामारी अधिनियम, 1897 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 3 वर्ष 1897) की धारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके निम्नलिखित विनियम बनाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं–

उत्तराखण्ड महामारी (मलेरिया एवं डेंगू) विनियम 2021

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) इन विनियमों का सक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड महामारी (मलेरिया एवं डेंगू) विनियम, 2021 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत होंगे तथा इस अधिसूचना के प्रकाशन तिथि से दो वर्ष के लिए वैध होगें।

परिभाषाऐं

2. इन विनियमों में, जब तक कि सन्दर्भ मे, अन्यथा अपेक्षित न हो–

(एक) "महामारी (Epidemic Disease)" से किसी समुदाय के बडी सख्या मे लोगों के मध्य संचारी रोगों (यथा–मलेरिया व डेंगू) का कम समय में तीव्रता से फैलाव होना अभिप्रेत है।

(दो) "निष्क्रिय निगरानी केंद्र (Passive Surveillance Center)" से ऐसे केंद्र अभिप्रेत है, जिसको सम्बन्धित जिला अधिकारी द्वारा उनको प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए निष्क्रिय निगरानी केंद्र घोषित किया गया हो, जहॉ बुखार से ग्रसित रोगी उपचार हेतु पहुँचता हो।

(तीन) "निरीक्षण अधिकारी (Inspecting Officer)" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड अथवा सम्बन्धित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निरीक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया हो।

(चार) "चिकित्सकीय अभ्यासकर्ता (Medical Practitioner)" से ऐसे एलोपैथिक चिकित्सक अभिप्रेत है, जो एम0बी0बी0एस0 या उसके समकक्ष अर्हता रखने के साथ–साथ उत्तराखण्ड मेडिकल काउसिल मे भी पजीकृत हो।

(पांच) "त्वरित निदान परीक्षण (Rapid Diagnostic Test - RDT)" से मलेरिया एवं डेंगू की त्वरित नैदानिक परीक्षण के लिए प्रयुक्त होने वाली विधि अभिप्रेत है.

(छः) "आर्टिमिसिनिन संयोजन उपचार (Artemisinin Combination Therapy-ACT)" से मलेरिया प्लाजमोडियम फैल्सिपेरम से ग्रसित रोगी के उपचार हेतु प्रदान की जाने वाली दवा अभिप्रेत है।

(सात) "एलाईजा (Enzyme Linked Immunosorbent Assay- ELISA)" तकनीक से डेंगू रोग की पुष्टि हेतु प्रयुक्त होने वाली जाच की तकनीक अभिप्रेत है।

(आठ) "सेन्टीनल निगरानी अस्पताल (Sentinel Surveillance Hospital- SSH)" से भारत सरकार द्वारा अधिकृत ऐसे चिकित्सालय अभिप्रेत है, जहां पर डेंगू रोग की जांच एवं पुष्टि एलाईजा तकनीक द्वारा की जाती हो।

(नौ) "डेंगू रोगी (Dengue Case)" –

